दिन–रविवार दिनांक– 07/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

02. गंडक, कोसी, बागमती, कमला बलान सहित विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. पूर्णियां के रूपौली विधान सभा उप चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन के दलों ने ताकत झोंकी।

04. और, उच्चतम न्यायालय नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के मामलें में दायर विभिन्न याचिकाओं पर कल सुनवाई करेगा।

———————————————————

पूरे प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका के शम्भूगंज में सबसे अधिक एक सौ इक्यानवें दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, किशनगंज में एक सौ अड़ताली, पश्चिम चंपारण के सिकटा में एक सौ पैंतालीस दशमलव छह, मुंगेर के तारापुर में एक सौ पैंतालीस दशमलव दो और पटना के अथमलगोला में एक सौ तेरह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, सुपौल, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

———————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के दौरान वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग ने लागों से मेघगर्जन और बारिश के दौरान

घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। वहीं, लोगों से बारिश के दौरान खेतों में काम नहीं करने और पेड़ के नीचे शरण नहीं लेने को कहा है। इधर आज बारिश के दौरान प्रदेश में अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई वहीं सात लोग झुलस गए। कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नुआंव और बेलाव थाना क्षेत्र मे वज्रपात की चपेट में आकर दो लोगों की मृत्यु हो गई। रोहतास के नटवार थाना क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि सात लोग झुलस गए।

———————————————————

राज्य में हो रही लगातार बारिश से विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि जारी है। गंगा, सोन, गंडक, बागमती, अधवारा समूह, कमला बलान और कोसी सहित अन्य नदियों में उफान से निचले इलाकों में बाढ़ के स्थिति उत्पन्न हो गई है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से पानी छोड़े जाने से कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में भी गंडक नदी का पानी तेजी से फैल रहा है।

———बाईट———

सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती, लखनदेई और अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

———बाईट———

इधर, मधुबनी में मधेपुर प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पलायन करना पड़ा है।

———बाईट———

कैमूर जिले में कर्मनाशा और दुर्गावती नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दोनों नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारी बारिश के चलते जिले के मोहनिया स्थित अनुमंडलीय अस्पताल मे बारिश का पानी प्रवेश कर गया।

———बाईट———

रोहतास जिले में भारी बारिश के चलते नौहट्टा प्रखंड के महादेव खोह मंदिर स्थित झरने से बड़े पैमाने पर जल प्रवाह हो रहा है।

——————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में कल नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी. वाई.चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

——————————————————————————

पूर्णियां जिले की रूपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार में एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। आज केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और चिराग पासवान ने ओरलाहा, भवानीपुर और टीकापट्टी में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार कलाधर मंडल को जीताने की लोगों से अपील की। इस अवसर पर श्री पासवान ने राजद नेता तेजस्वी यादव के केन्द्र में एनडीए सरकार के जल्द गिरने पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार मजबूती से काम कर रही है। वहीं, श्री मांझी ने राजद पर बिहार में जंगलराज फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों, दलितों और वंचितों सभी के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।

———बाईट———

इधर, महागठबंधन की ओर से भी कई वरिष्ठ नेताओं ने राजद उम्मीदवार बीमा भारती के समर्थन मे सभा और रोड शो किया। रूपौली में दस जुलाई को मतदान होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। उपचुनाव में ग्यारह प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। जदयू ने चुनावी मैदान में कलाधर प्रसाद मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है जबकि राष्ट्रीय जनता दल ने बीमा भारती चुनाव लड़ रही हैं।

——————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद आज पहली बार पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। श्री पासवान ने इस दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृति के तहत दफादार और चौकीदार के आश्रितों की बहाली को पुनः प्रारम्भ

करने और राज्य में पुल गिरने की घटनाओं पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इन विषयों पर विभागीय कार्यवाई की जाएगी।

इधर, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीवान में गोल्डन पासवान के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री पासवान ने पुलिस अधीक्षक से बात कर दोषियों पर अविलंब कार्रवाई की मांग की। पिछले महीने की उन्नीस तारीख को सीवान में सिविल कोर्ट के कर्मचारी राकेश कुमार उर्फ गोल्डेन पासवान की अपराधियों ने दिनदहाड़े हत्या कर दी थी।

——————————————————

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जन–जन तक जानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया से अपनी भूमिका निभाने की अपील की है। पटना में आयोजित एक दैनिक समाचार पत्र के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन का प्रकोप राज्य के लोग झेल रहे है। उससे निपटने के लिए सभी को प्रयास करने की जरूरत है। वहीं, नगर विकास और आवस मंत्री नीतीन नवीन ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार के सही काम काज और इसे सही दिशा देने के लिए अखबारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता से समाज सशक्त होता है। उन्होंने कहा कि बिहार में मीडिया पूरी तरह मौजूद है। समारोह को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक एस के मालवीय सहित कई गणमान्य लोगों ने भी सम्बोधित किया।

——————————————————

नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि शेखपुरा से होकर गुजरने वाली रेल लाइन के निर्माण कार्य में तेजी आयेगी। शेखपुरा में आज संवाददाताओं से बातचीत में श्री ठाकुर ने कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर दूसरे फेज के तहत जल्द ही मुआवजा का वितरण किया जायेगा। इसके लिए रेलवे ने राशि का आवंटन कर दिया है।

———बाईट———

——————————————————

मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने आज कटिहार में राज्य के पहले स्वचालित बायोफ्लॉक परिक्षेत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि मछली उत्पादन के मामले में बिहार ना सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहा है बल्कि अन्य राज्यों को भी मछली की आपूर्ति कर रहा है। स्वचालित यंत्र शुरू करने वाले झंटू उरांव ने कहा कि इस मशीन में पानी खुद फ़िल्टर होता है, जिससे टैंक में अमोनिया नहीं होने से मछलियों की पैदावार अच्छी होती है।

———————————————————

पटना के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में रक्षा विज्ञान और योग की पढ़ाई जल्द ही शुरू होगी। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्वविद्यालय की आठवीं सीनेट बैठक को सम्बोधित करते हुए ये बाते कही। श्री आर्लेकर ने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है जो समाज के अनुरूप हो।

———————————————————

पटना में इस्कॉन मंदिर द्वारा प्रभु श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा वाले रूट पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ आरती करके भगवान का स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रथयात्रा को रवाना किया।

———————————————————

मिथिलांचल के प्रसिद्ध सौराठ सभा की आज मधुबनी जिले में शुरूआत हुई। यह बारह जुलाई तक चलेगी। सौराठ विकास समिति के अध्यक्ष कृष्णकांत झा गूड्डू ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसकी शुरूआत की।

———————————————————

01. प्रदेश में कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

02. गंडक, कोसी, बागमती, कमला बलान सहित विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. पूर्णियां के रूपौली विधान सभा उप चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन के दलों ने ताकत झोंकी।

04. और, उच्चतम न्यायालय नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के मामलें में दायर विभिन्न याचिकाओं पर कल सुनवाई करेगा।

———————————————————

समाप्त